हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, शनिवार, 7 दिसंबर 2024

# नाबालिग से कराया जा रहा था देह व्यापार

**< रिहायसी परिसर में शुरू था जिस्मफरोशी का धंधा**
**< 2 पीड़िताओं को बचाया, मकान मालकिन समेत 3 गिरफ्तार**




**नागपुर।** क्राइम ब्रांच के सामाजिक सुरक्षा विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कोतवाली थाना क्षेत्र में एक घर पर छापेमारी कर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की और 28 वर्षीय विवाहिता का रेस्क्यू किया। दोनों की खराब आर्थिक स्थिति में पैसों का लालच देकर यह धंधा करवाया जा रहा था। वहीं इस मामले में मकान मालकिन समेत 3 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के नाम रामबाग निवासी कोमल गौतम शेंडे (35), जूनी शुक्रवारी निवासी सुनीता विलास सिरसाठ (50) और रजनी अशोक सूर्यवंशी (57) बताये गये हैं। आरोपियों में रजनी मकान मालकिन है जबकि सुनीता उसके यहां किराए से पिछले 7 वर्षों से रहती थी और दोनों पीड़िताओं से देह व्यापार कराती थी। वहीं कोमल एजेंट है और ग्राहक लाया करती थी। पुलिस ने मौके से 3 मोबाइल, आपत्तिजनक चीजों समेत 56,020 रुपये का माल जब्त किया है। इस अवैध धंधे की पूरी जानकारी होने के बाद भी पुलिस को सूचित ना करने पर रजनी को भी आरोपी बनाया गया। आगे की कार्यवाही के लिए मामला कोतवाली पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने पिटा एक्ट की विभिन्न धाराओं मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### नाबालिग को हुआ था 4 हजार में सौदा


6 वर्षीय नाबालिग और 28 वर्षीय विवाहिता की आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि उसकी मां ने दूसरी शादी कर ली है और पिता उसके भाई को लेकर कहीं चला गया। ऐसे में वह अपनी नानी के पास रहती है और काफी गरीब है। वहीं, संजना ने पुलिस को बताया कि वह शादीशुदा है। वह अपने पति और बेटे के साथ रहती है लेकिन आर्थिक हालत बहुत ज्यादा खराब होने के कारण इस धंधे में आई। बोगस ग्राहक की मदद से नाबालिग का सौदा 4000 में जबकि 28 वर्षीय महिला का सौदा 2000 में तय हुआ था। इसमें हर कस्टमर पर 500 रुपये मकान मालकिन रजनी को दिये जाये थे।

## बाबा भोलशाह मियां का सालाना उर्स कल से



**नागपुर।** हज़रत बाबा भोलशाह मियां का सालाना उर्स शरीफ कल 8 दिसंबर से शुरू होगा। सुबह घुसल, सुबह 11 बजे सज्जादानशीन शाह जफरुल्ला खान ताजी नियाज़ी के हाथों परचम लहराया जाएंगे। दोपहर 3 बजे शाही संदल निकलेगा, ईशा बाद मिलाद शरीफ। 9 दिसंबर को रात 8 बजे कव्वाल जुनैद सुलतानी की महफ़िल ए कव्वाली होगी। 10 दिसंबर सुबह 10 बजे छोटा कुल शरीफ की फातेहा होगी। ईशा बाद तकरीर का प्रोग्राम होगा। 11 बजे जौहर बाद बड़ा कुलशरीफ की फातेहा होगी। उर्स के सफलता के लिए मजहरुल्लाह खान नियाज़ी, इदरीस राजवानी, हाजी इरफान बनानी, इरफानुल्लाह खान, शोएब खान, यासीन रंगवाला, अक्षय, अंकित, बबलू घोड़ेवाला प्रयासरत हैं।

## पेड़ की पत्तियों से छुप गया सिग्नल



**नागपुर।** नागपुर पश्चिम में गोरेवाड़ा रिंग रोड के श्याम लॉन चौक का एक सिग्नल वृक्ष की पत्तियों से छुप गया है। इससे यातायात व्यवस्था में बिगाड़ पैदा हो गया है। जमाअत ए इस्लामी हिंद नागपूर के मीडिया सचिव डॉ.एम.ए. रशीद ने संबंधित विभाग से मांग की है कि सिग्नल को पेड़ से इतनी दूरी पर खड़ा किया जाए कि वह बार- बार पेड़ की पत्तियों से छुप भी न सके और यातायात व्यवस्था प्रभावित भी न हो सके।

## रमाकांत पर हुई एमपीडीए की कार्रवाई

**नागपुर।** नागपुर शहर पुलिस आयुक्त डॉ.सिंगल द्वारा कई संगीन मामलों में नामजद अपराधी फुकटनगर, यशोधरानगर निवासी रमाकांत उर्फ रामभाउ प्रकाश शाहू (27) के खिलाफ एमपीडीए एक्ट के तहत आदेश जारी किया गया। आदेश के तुरंत बाद उसे गिरफ्तार नागपुर सेंट्रल जेल भेज दिया गया। यहां से उसे पुणे स्थित येरवडा जेल भेजा जायेगा। जानकारी के अनुसार रमांकात घरफोड़ी में माहिर है। इसके अलावा उसके खिलाफ हत्या का प्रयास, घातक हथियार से जानलेवा हमला, डकैती की तैयारी, दिनदहाडे चोरी, घातक हथियार लेकर घूमना, प्रतिबंधक कार्रवाईयों का उल्लंघन करना जैसे अपराध दर्ज है। साल 2018 में उसे 2 वर्ष के लिए तड़ीपार भी किया गया था। इसके बाद उससे 40 हजार रुपये का बॉंड भी साइन करवाया गया था। इसके बावजूद उसकी आपराधिक गतिविधियों में कमी ना देखते हुए उसके खिलाफ एमपीडीए के तहत कार्रवाई की गई है।

## नकली पुलिस बन कर दिखाया था गिरफ्तारी का डर

### वसूल किए 50 हजार, लालच बढ़ा तो पहुंच गया हवालात



**नागपुर।** वृद्ध व्यक्ति को पुलिस का डर दिखाकर उसे गिरफ्तार करने की धमकी देकर 50 हजार रुपए की वसूली करने वाले आरोपी को गणेशपेठ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम रेणुका सरस्वती अपार्टमेंट, बजाजनगर निवासी सुधीर बाबुराव लोखंडे (53) बताया जा रहा है। एक बार आसानी से रकम मिलने के बाद लालच में आकर सुधीर ने 2.50 लाख रुपये की मांग की। इसी लालच में वह पुलिस के फंदे में फंस गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीषनगर निवासी उदय केशवराव ठाकरे (69) सुबह करीब 11.30 बजे सब्जियां लेने कॉटन मार्केट परिसर गये थे। इस दौरान कॉटन मार्केट मेट्रो स्टेशन के पास सुधीर ने उनसे कहा कि वह पुलिस वाला है और उन्हें पुलिस ने चारों तरफ से घेर लिया है। उदय ने पूछा कि उन्होंने ऐसा क्या किया है जो उन्हें पुलिस ने घेर लिया? सुधीर ने कहा कि उसके पास उदय की फोटो है और यह कहते उसने जेब टटोलनी शुरू कर दी। सुधीर ने कहा कि यदि पुलिस कार्रवाई से बचना है तो उसे पैसे देने होंगे। उदय ने कहा कि फिलहाल उनके पास पैसे नहीं है। घर से लाने पड़ेंगे। इसके बाद सुधीर उनकी ही गाड़ी पर बैठकर मनीषनगर पहुंचा। उदय ने घर से 10 हजार रुपये लाकर दिये। फिर एटीएम से 40000 रुपये निकालकर दिये। सुधीर एक लाख की मांग पर अड़ गया। इसके बाद उदय को रोना आ गया तो सुधीर वहां से भाग गया। कुछ दिन बार सुधीर ने उदय को फोन किया और 2.50 लाख की मांग की।

### सुधीर ने कबूल किया अपना अपराध

इस मामले से परेशान उदय ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मोबाइल नंबर की ट्रेसिंग और तकनीकी जांच की मदद से सुधीर से पुछताछ की। कुछ ही देर में उसने अपना अपराध कबूल लिया। उसके पास से 1700 रुपये नगद, मोबाइल और बाइक समेत 40700 रुपये का माल जब्त किया गया है।

## पंचनामा करने गये पुलिस अधिकारी के साथ मारपीट

### पुलिस ने व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**नागपुर।** सरकारी काम में रुकावट व बाधा पहुंचाने से मना किए जाने पर एक व्यक्ति ने वाठोड़ा में पीएसआई पर हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी को बाबा बोकड़े को गिरफ्तार करके मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रामकृष्ण नगर, दिघोरी निवासी 30 वर्षीय अश्विन गेडाम गुरुवार रात अपने मामा के घर गया था। वहां से रात 12 बजे घर जाने के दौरान बहादुरा रोड टीचर कॉलोनी में रोड के किनारे बने खड्डे में गिर गया। खड्डे में पानी भरा हुआ था। अश्विन के दोनों पैरों में रॉड थी। रॉड की वजह से अश्विन खड्डे से बाहर नहीं निकल पाया। रात का वक्त होने से मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की गति भी काफी तेज होती है। खड्डे में डूबने से अश्विन की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह परिसर वासियों ने इस घटना की जानकारी वाठोड़ा पुलिस को दी थी। सुबह करीब 8.30 बजे घटना का पता चलने पर वाठोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस कर्मी अश्विन का शव खड्डे से बाहर निकाल रहे थे। इसी दौरान घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जूट गई। इससे पुलिस टीम को काम करने में परेशानी हो रही थी। पुलिस कर्मियों ने लोगों को वहां से जाने को कहा। यह सुनते ही भीड़ में शामिल बाबा बोकड़े पुलिस कर्मियों से विवाद करने लगा। पीएसआई कृष्णा सालुंके ने उसे समझाते हुए वहां से जाने को कहा। इसी बीच बाबा पुलिस कर्मियों से उलझ गया और विवाद करने लगा। काम में बाधा पहुंचाने से पुलिस कर्मी बाबा को वाहन में बिठाकर थाने ले जाने जाने लगे. इसी बीच बाबा ने गालियां देते हुए पीएसआई सालुंके पर हमला कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिसर में तनाव फैल गया। पुलिस कर्मियों ने बाबा को काबू में करके थाने लाया। उसके खिलाफ पुलिस अधिकारी से मारपीट, धमकाने तथा सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया। हालांकि इस घटना का किसी ने वीडियो बना लिया था जो कि शाम को सोशल मीडिया पर वायरल होने से पुलिस में भी खलबली मच गई।

## बाबरी मस्जिद शहादत दिन मनाया




**नागपुर।** एआईएमआईएम दक्षिण नागपुर ताजआबाद सरीफ कार्यालय में बाबरी मस्जिद शहादत दिन के साथ में संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ.बाबासाहब आंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर बाबासाहब के जिवनी पर प्रवक्ता इसहाक मन्सुरी ने रोशनी डाली। कार्यक्रम में शकील पटेल, सोहेल खान, कलिम मिरकाशिम, हाजी रियाज़, अहमद सोहेल, सत्तार समिर, अली नुरमोहम्मद, जावेद अहमद, शकील शेख, रफीक शेख, जमिल मंडप, अमिन ताजी, अशफाक अहमद, फहीम सर, अबरार खान और अफजल पठान उपस्थित थे।

## डॉ.बाबासाहब आंबेडकर को अभिवादन



**नागपुर।** झोपड़पट्टी क्षेत्र के अध्यक्ष गोर, केवलरामजी बागडे, चेतरम हरडे, महामंत्री छत्रधारीजी यादव, महामंत्री शिल्पा थुल, आकाश पखिरडे, दिलीप मेश्राम, संजय पाटिल, मेघा बावनगडे, आरती देशकर और अमित थुल ने महापरिनिर्वाण दिवस पर भारत के संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रणेता डॉ.भीमराव आंबेडकर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इन नेताओं ने अपने संदेश में कहा कि देश में एकता, समता और बंधुता स्थापित करने का जो सपना डॉ.बाबासाहब आंबेडकर ने देखा था, उसे साकार करने के लिए हम सभी को अपने जीवन में उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए। उनका संपूर्ण जीवन अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते हुए और समाज में समानता लाने के प्रयासों में समर्पित रहा। महापरिनिर्वाण दिवस के इस अवसर पर डॉ.बाबासाहब आंबेडकर को याद करते हुए नेताओं ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया और समाज के हर वर्ग को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया।

## यात्री का गुम हुआ मोबाइल लौटाया

**नागपुर।** मध्य रेल के नागपुर मंडल की रेलवे सुरक्षा बल ने 'ऑपरेशन अमानत' के तहत एक गुम हुआ मोबाइल बरामद किया। थोड़ी तलाश के बाद इस मोबाइल को यात्री को लौटा दिया गया। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 11.30 बजे आरपीएफ कॉन्स्टेबल रामनाथ धोते को सूचना मिली कि ट्रेन 12160 दिल्ली-चेन्नई जीटी एक्सप्रेस में एक यात्री S5 कोच की सीट 72 पर भूल गया है। उन्होंने नागपुर आरपीएफ थाने को सूचित किया। नागपुर स्टेशन के पीएफ 2 पर जीटी एक्सप्रेस के आते ही हेड कांस्टेबल बीपी इंदुरकर ने इस सीट से मोबाइल फोन को सुरक्षित बरामद कर लिया। बाद में यह यात्री आरपीएफ थाने पहुंचा। उचित कागजी कार्यवाही के बाद मोबाइल फोन यात्री को सौंप दिया गया।

## 59 ग्राम एमडी के साथ तस्कर गिरफ्तार



**नागपुर।** क्राइम ब्रांच के एनडीपीएस दस्ते ने देर रात पेट्रोलिंग के दौरान एक युवक के पास से 59 ग्राम एमडी पाउडर जब्त किया। आरोपी युवक का नाम मानेपुरा चौक, कोतवाली निवासी यश दीपक इंगोले (22) बताया जा रहा है जिसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके पास से एमडी और मोबाइल समेत 6.10 लाख रुपये का माल जब्त किया। उसे ये माल दिलाने वाला दूसरा आरोपी गंगाबाई घाट निवासी धीरज मलिक फरार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात करीब 1.30 बजे पेट्रोलिंग कर रही पुलिस की को गुप्त सूचना मिली कि मानेपुरा चौक पर एक युवक के पास भारी मात्रा में एमडी है। वही इसे ठिकाने लगाने की कोशिश कर रहा है. सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके ट्रैप लगाया था। इसी बीच यश संदिग्ध हालत में घूमता दिखाई दिया। पूछताछ में संतोषजनक जवाब ना मिलने पर उसकी तलाशी ली गई। उसके पास से 59 ग्राम एमडी मिला. उसे तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी पूछताछ की गई। उसने बताया कि ये माल उसे धीरज ने दिलाया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर धीरज की भी तलाश शुरू कर दी।

## दुष्कर्मी को हुआ 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**नागपुर।** जिला व सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एसएस नागुर की कोर्ट ने जरीपटका थानातंर्गत दर्ज दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी जरीपटका निवासी प्रकाश देवीदास खापर्डे (40) को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। प्रकाश पर आरोप था कि 8 नवंबर 2022 को उसने अपनी 19 वर्षीय रिश्तेदार युवती को घर पर अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती की। शोर मचाने पर पीडिता को जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया और 11 नवंबर को आरोपी प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियोजन और बचाव पक्ष की सभी दलीलों और पुलिस द्वारा पेश किये सबूतों व गवाहों के बयानों के आधार पर कोर्ट ने प्रकाश को दोषी मानते हुए उसे 10 वर्ष कारावास के अलावा 5000 रुपये का आर्थिक दंड की सजा सुनाई। रकम ना भरने पर 4 महीनें की अतिरिक्त जेल भोगनी होगी। वहीं, धारा 506 के तहत 2 वर्ष की जेल और 3,000 रुपये का जुर्माना ठोका। जुर्माना ना भरने पर 2 महीने का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

## प्रतिबंधित नायलॉन मांझे के साथ 1 गिरफ्तार



**नागपुर।** कलमना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामार कार्रवाई कर 42,000 रुपये का प्रतिबंधित नायलॉन मांजा जब्त किया है। पुलिस ने 1 आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी आदिवासी प्रकाशनगर, कलमना निवासी यश राजू लाटनवार (18) बताया जा रहा है। फरार आरोपी आदिवासी प्रकाश नगर निवासी विक्की जीवन शाहू (19) की तलाश जारी है। कलमना पुलिस को प्रतिबंधित नायलॉन मांजा बेचे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी यश को हिरासत में लिया। नायलॉन मांजा के संबंध में पूछताछ के दौरान यश ने बताया कि आरोपी विक्की के घर पर मांजा छुपाया है। उसके बयान पर पुलिस ने विक्की के घर पर छापा मारा। घर की तलाशी में पलंग के नीचे एक बक्से में पुलिस को प्रतिबंधित नायलॉन मांजा के 21 बंडल मिले जिसकी कुल कीमत 42,000 रुपये बताई गई। तुरंत सारा माल जब्त कर लिया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ विविध धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फरार आरोपी विक्की की तलाश भी जारी है।

## छात्रा से बीच सड़क पर युवक ने की मारपीट

**नागपुर।** नाबालिग छात्रा से छेड़खानी के मामले में जेल से बेल पर छूट कर आए युवक ने छात्रा से बीच सड़क में मारपीट कर उसका दोबारा विनय भंग किया। यह घटना वाडी पुलिस थाना अंतर्गत 4 दिसंबर की शाम करीब 6:30 बजे के दौरान हुई। पुलिस ने इस घटना की शिकायत मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी अमन विजय ठाकरे (22) वाडी निवासी बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित छात्रा 17 वर्ष की है और वाड़ी परिसर में रहती है। आरोपी अमन उसे लगातार पीछा कर तंग कर रहा था। जिसके चलते परिजनों ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने छेड़खानी और पोक्सो के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया था। उसे जेल भी रवाना किया गया। परंतु जेल से बेल पर छूटने के बाद से ही वह बदला लेने की फिराक में था। दो दिन पहले ही उसने बीच सड़क पर छात्रा को दोबारा जबरदस्ती रुकवाया और उसे तूने मेरे जीवन को खराब किया है। इस तरह बोलते हो उसके साथ हाथ मुक्की से मारपीट की और अश्लील हरकत कर उसका विनय भंग किया। किसी तरह बचकर छात्रा अपने घर पहुंची और इस घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों के साथ पुलिस थाने में आकर उसने इसकी शिकायत कार्रवाई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है.

## क्षय रोग जांच अभियान आज से शुरू

### लगातार 100 दिनों तक चलेगा



**नागपुर।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नागपुर महानगर पालिका की ओर से नागपुर शहर में 100 दिवसीय क्षय रोग जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ आज शनिवार 7 दिसंबर 2024 को प्रातः 10:30 बजे सदर थाना के निकट जिला योजना भवन से किया जायेगा। क्षय रोग जांच अभियान के तहत 7 दिसंबर 2024 से विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च 2025 तक 100 दिनों तक लगातार टीबी रोगियों की खोज कर उनका इलाज किया जाएगा। 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान देशभर के चयनित 347 जिलों और महाराष्ट्र के 30 जिलों में चलाया जाएगा, जिसमें नागपुर शहर का चयन किया गया है। इस अभियान के तहत शनिवार 7 दिसंबर से नागपुर शहर में अधिकतम संख्या में टीबी रोगियों का पता लगाना और उनका इलाज करना, टीबी रोगियों की मृत्यु दर को कम करना, नए टीबी रोगियों की संख्या को कम करना, वंचितों और उच्च वर्ग तक पहुंचना है। इसके साथ ही जोखिम समूहों और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना, टीबी के बारे में जन जागरूकता पैदा करना, समाज में टीबी के बारे में जन जागरूकता पैदा करना और सामाजिक कलंक को कम करने के लिए गतिविधियों को लागू करना, जिले में टीबी रोगियों की सहमति के लिए पीएम क्षय रोग मुक्त भारत अभियान के हिस्से के रूप में निक्षय मित्र पोषण किट आदि वितरित किये जायेंगे। यह जानकारी नागपुर मनपा के चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दीपक सेलोकर ने दी है।

डॉ.दीपक सेलोकर ने बताया कि चयनित जोखिम वाले क्षेत्रों में 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान चलाया जाएगा और सर्वेक्षण किया जाएगा। निक्षय शिविरों, अनाथालयों, वृद्धाश्रमों, औद्योगिक संस्थानों, आवासीय विद्यालयों, जेलों, क्षय रोग जांच शिविरों और अप्रवासियों, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों और वंचित वर्गों में सर्वेक्षण आयोजित किए जाएंगे। मनपा आयुक्त डॉ.अभिजीत चौधरी के निर्देशानुसार एवं अपर आयुक्तआंचल गोयल के मार्गदर्शन में महानगर पालिका स्तर पर योजना बनाई गई है। डॉ. सेलोकर का यह भी मानना है कि नागपुर शहर को क्षय रोग से मुक्त करने के लिए यह अभियान बहुत महत्वपूर्ण होगा।

CMYK

# शहर में जगह-जगह मनाया गया महापरिनिर्वाण दिन

## लगातार आठ घंटे पढ़ाई कर डॉ.बाबासाहब को दी श्रद्धांजलि

**कोंढाली.**

महानव भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर कोंढाली में के जी से पी जी तक सभी शिक्षण संस्थानों में अपने-अपने तरीके से अभिवादन किया गया .इस कार्यक्रम के अवसर पर विशेष घटनाक्रम यह रहा कि इस मौके पर लाखोटीया भुतडा हायस्कूल व कनिष्ठ महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरा कार्यक्रम खुद सम्हाला तथा बहुत ही नियोजन पूर्ण तरीके से संपन्न किया. इस मौके पर छात्रों द्वारा विविध कार्यक्रमों को क्रमिक पाठ कर श्रद्धांजलि दी गई। लाखोटीया भुतडा विद्यालय की प्रेरणादायक गतिविधि विश्वरत्न महामानव डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर लाखोटिया भुटाडा विद्यालय और जूनियर कॉलेज कोंढाली के छात्रों ने लगातार आठ घंटे पढ़ाई करके एक अनूठी श्रद्धांजलि दी।





प्राचार्य सुधीर बुटे के आह्वान पर प्राध्यापक सुनील सोलव के प्रेरणा से छात्रों द्वारा लगातार आठ घंटे पढ़ाई कर यह साबित कर दिया कि वे डॉ. बाबासाहेब के विचारों के अनुयायी हैं। प्रारंभ में प्राचार्य सुधीर बुटे ने व्याख्यान सत्र का उद्घाटन किया और छात्रों को शुभकामनाएं दीं। डॉ बाबा साहब को अमेरिका में सबसे लंबे समय तक लाइब्रेरी में आकर अध्ययन करने वाले छात्र के रूप में दर्ज किया गया । डॉ. बाबासाहेब की जीवनियाँ अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डालती हैं, इसलिए छात्र हर साल इसमें भाग ले सकते हैं. इस आयोजन के समन्वयक सुनील सोलव ने ग्यारह साल पहले इस विचार से प्रेरित होकर यह गतिविधि शुरू की थी कि इस तरह से अध्ययन करके ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। . व्याख्यान सत्र के अंत में प्राचार्य सुधीर बुटे ने मंच पर कार्यक्रम की अध्यक्षता की।इस अवसर पर डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के जीवनी पर लघु नाटिका, इसी गीतों की प्रस्तुति, नारी सम्मान साक्षात्कार, , वेशभूषा और प्रश्नोत्तरी के साथ विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये साथ ही पत्रकारों ने लिया बाबासाहेब का साक्षात्कार इस कार्यक्रम के दौरान, छात्रा ने डॉ. बाबासाहेब का वेश धारण किया था उनका साक्षात्कार तीन पत्रकार के वेशभुषा कर यहाँ के प्रांगण में उपस्थित लगभग दो हजार छात्रों के सामने डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर का साक्षात्कार लिया। इस अवसर पर उप प्राचार्य कैलास थुल, पर्यवेक्षक मनोज ढाले, हरीश राठी, परीक्षा विभाग के प्रमुख सुनील सोलव, जूनियर कॉलेज परीक्षा विभाग की प्रमुख प्रिया धारपुरे द्वारा डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के जीवन को समर्पित एक कार्यक्रम के माध्यम से महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सामाजिक उत्सव समिति के यशोदा नासरे, भारती गोडबोले, राहुल आदि उपस्थित थे. प्रा. रक्षित, प्रांजलि मस्की, हर्षल वानखेड़े, सोनाली पडोले आदि। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन समीक्षक मानसी लाडके ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन दिव्यानी जोध ने किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए विद्यालय के सभी शिक्षकों ने सहयोग किया.

### विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

यहां के राजेंद्र सिंह (बाबा) व्यास कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स में प्राचार्य डॉ. राजू खारडे की अध्यक्षता में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. बाबासाहब अंबेडकर का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। लखोटिया भुताड़ा सीबीएसई हाई स्कूल यहां के लाखोटिया भुताड़ा सीबीएसई हाई स्कूल के उपप्राचार्य योगेश चौधरी की अध्यक्षता में शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और छात्रों ने भारत रत्न बाबासाहब अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित की।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर विनम्र अभिवादन और सामुदायिक बुद्ध वंदना

**सावनेर.**



हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी युवक जागृती मंडल एवं सुधाकर बागडे मित्र परिवार के संयुक्त तत्वावधान में भारतरत्न डॉ. बाबासाहब अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर एसटी स्टैंड समीप डॉ बाबासाहेब आंबेडकर इनके प्रतिमा के पास शुक्रवार सुबह 10 बजे डॉ बाबासाहब आंबेडकर प्रतिमा को माल्यार्पण कर विनम्र अभिवादन किया गया साथ ही सैकड़ों अनुयायियों के उपस्थिती में सामुदायिक बुध्द वंदना ली गई कार्यक्रम के अध्यक्षस्थान बतौर रूप से भाजपा नेता रामराव मोवाडे थे इस अवसर पर पूर्व नगराध्यक्ष एंड अरविंद लोधी, सभापति बाबाराव पाटील राज पाटील, रासप नेता राजुभाऊ भुजाडे युवक जागृति मंडल अध्यक्ष सुधाकर बागडे सुजीत बागडे पूर्व नगरसेवक राजु घुगल जमादार सुरेन्द्र वासनिक खुफिया प्रमुख सुनील तलमले प्रमुखता से उपस्थित थे. कार्यक्रम के सफलतार्थ विक्की शेंडे, स्तूप बागडे, धनंजय बागडे, उद्देश्य बागडे होमेश्वर डोगरे राजेश बडखाने इन्होंने इन्होंने परीश्रम लिए.

## नागरिक दक्षता समिति ने मनाया महापरिनिर्वाण दिवस

**नागपुर.** नागरिक दक्षता समिति उत्तर नागपुर की ओर से शुक्रवार को भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया. मौके पर समिति के पदाधिकारियों ने उनके छायाचित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर सामूहिक अभिवादन किया. उन्होंने संबोधित करते हुए कहा की डॉ भीमराव आंबेडकर संविधान निर्माता के अलावा वे सामाजिक उत्थान अर्थशास्त्री, गरीबों के मसीहा व नारी उत्थान के अग्रदूत भी रहे. कार्यक्रम दौरान नागरिक दक्षता समिती संयोजक बंडोपंत टेंभूर्ने, अध्यक्ष प्रा.वामनराव साखरे, महासचिव डॉ. राजकुमार खियानी, उपाध्यक्ष अर्जुन मेश्राम, सिंधूताई वाघमारे, भास्कर मेश्राम, स्वर्णा शहारे, दीक्षित अंबाडे, संजय चाहांदे, किरण साखरे, सुवर्णा पोहाने, ओमकारसिंग बोहत व अन्य गणमान्य सदस्य प्रमुखता से उपस्थित रहे.



## कांग्रेस ने मनाया महापरिनिर्वाण दिवस

**कामठी.**

शहर के जयस्तंभ चौक स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के पुण्यतिथि पर महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को उनके पुतले पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर सामूहिक अभिवादन किया. इस दौरान बाबा भीमराव आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जिला परिषद पूर्व अध्यक्ष सुरेश भोयर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर के प्रारंभिक जीवन और शिक्षा ने सामाजिक न्याय के लिए एक मुख्य नेतृत्वकर्त्ता एवं भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार के रूप में उनके भविष्य की आधारशिला रखी. कार्यक्रम दौरान जिला परिषद पूर्व अध्यक्ष सुरेश भोयर, कृषि उत्पन्न बाजार समिति संचालक हुकमचंद आमधरे, येरखेड़ा ग्राम पंचायत सरपंच सरिता रंगारी, पंचायत समिति सदस्य सुमेध रंगारी, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष गुड्डू मानवटकर, पूर्व नगरसेवक नीरज लोणारे, कांग्रेस महिला शहर अध्यक्ष सुरैया बानो, कांग्रेस सेवादल प्रदेश सहसचिव राजकुमार गेडाम, प्रदेश युवक कांग्रेस पूर्व महासचिव इरशाद शेख़, युवा नेता आकाश भोकरे, आरिफ, रायभान गजभिये आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रमुखता से मौजूद थे.





## कृषि उत्पन्न बाज़ार समिति ने महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**कामठी.** कृषि उत्पन्न बाज़ार समिति कामठी की ओर से भारत रत्न एवं भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर नमन करते परिनिर्वाण दिवस धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर कृषि उत्पन्न बाज़ार समिति के कामठी संचालक व मुंबई नियमन सभापति हुकुमचंद आमधरे द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामूहिक श्रद्धांजलि दी गई. संचालक हुकुमचंद आमधरे ने बाबा साहेब के बताएं मार्ग पर चलने का आव्हान किया. इस मौके पर किसान वर्ग सोपान वंजारी, आनंदराव वाडीभस्मे, कवडु लांजेवार, प्रेमराज झोड, भोजराज झोड, बबन शिंदेमेश्राम, नामदेव शिंदेमेश्राम, मंजुळाबाई वंजारी, बाजार समिति अडते, व्यापारी व कर्मचारी सौ. अपर्णा नरड, सौ. सुजाता कुल्लरकर, प्रमोद निधान, सचिन ढोले, ईश्वर गोंगल, राहुल पाटील, खुशाल शेंदरे सहित अन्य गणमान्य नागरिक प्रमुखता से उपस्थित थे.

## वाडी में महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबासाहब को श्रद्धांजलि

**वाडी.** भारतीय संविधान के निर्माता और भारतरत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर वाडी स्थित डॉ. बाबासाहब आंबेडकर स्मारक प्रतिमा परिसर में विभिन्न संगठनों और पार्टियों ने माल्यार्पण और दीप जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती उत्सव एवं स्मारक समिति संगठन द्वारा की गई, जिसमें पूर्व जिपं सदस्य दिनेश बंसोड़, राजेश जांगले, और पूर्व नगरसेवक प्रमोद भौवरे ने बाबा साहेब, तथागत गौतम बुद्ध और सम्राट अशोक की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप भोरगड़े ने त्रिशरण पंचशील गाथा का पाठ किया। कार्यक्रम में दो मिनट का मौन रखकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी गई। संचालन गौतम तिरपुडे ने किया। कार्यक्रम में 'बाबा साहेब अमर रहे' के नारे लगाए गए और विभिन्न पार्टियों और संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इनमें पूर्व जीप सदस्य दिनेश बंसोड, पूर्व उपसरपंच दिलीप मेंढे, मराठी फिल्म निर्देशक पराग भावसार, पूर्व ग्रा.पं. सदस्य कंठीराम तागडे, शिवसेना शहराध्यक्ष मधु मानके पाटील, और अन्य समाजसेवी शामिल थे। इसके अतिरिक्त वाडी शहर कांग्रेस कमेटी, राष्ट्रवादी पार्टी, भाजपा, भारतीय बौद्ध महासभा और वाडी शहर बसपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भी अभिवादन किया। स्मारक क्षेत्र में अनुयायियों की भारी भीड़ देखी गई।





## वडोदा ग्रामपंचायत ने महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**कामठी.** वडोदा ग्राम पंचायत की ओर से बाबासाहब डॉ.भीमराव आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस सोमवार को मनाया गया. इस दौरान उनकी प्रतिमा और चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें सामूहिक नमन किया गया. इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच राजू थोटे ने कहा कि बाबासाहब ने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों), दबे कुचले और हर वर्ग से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध देश में अभियान चलाया था. श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी उन्होंने किया था. वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माता थे. कार्यक्रम दौरान ग्राम पंचायत सरपंच राजू थोटे, उपसरपंच दत्तू हलमारे, ग्रामविकास अधिकारी दिनकर इंगळे, सदस्य राजेश निशाणे, राकेश लाकडे, सौ, अर्चना विशाल गाडबैल, तारा भोयर, छाया हलमारे , ग्राम पंचायत कर्मचारी व आंगनवाड़ी सेविका, आशा वर्कर आदि उपस्थित रहे.

## महामानव को महापरिनिर्वाण दिवस पर विनम्र अभिवादन

**सावनेर.** सम्यक सार्वजनिक वाचनालय पंचशील बुद्ध विहार, सावनेर में भारतरत्न और संविधान के शिल्पकार डॉ. बाबासाहब आंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भंते शिलरक्षीत महास्थवीर जी की उपस्थिति में भगवान गौतम बुद्ध और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा का पूजन-अर्चन किया गया। माल्यार्पण के बाद सामूहिक बुद्ध प्रार्थना के माध्यम से यह संकल्प लिया गया कि देश के हर नागरिक को उनके मौलिक अधिकार प्राप्त हों। उपस्थित लोगों ने डॉ. आंबेडकर के संविधान निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में सम्यक सार्वजनिक वाचनालय के अध्यक्ष राजेन्द्र उर्फ बालू नारनवरे, उपाध्यक्ष अडवोकेट शामराव गोंडुले, सचिव सुधाकर गजभिये, राजेन्द्र चवड़े, विजय कांबले, अशोक पाटिल, राजेन्द्र पाटिल, चित्ररेखा गेडाम, माणिक रामटेके, अनिल सोमकुवर, प्रकाश राऊत, संजय मेंढे, शरद नारनवरे, आनंद गजभिये, सुभाष पाटिल सहित वाचनालय के छात्र-छात्राएं, पंचशील नगर के महिला-पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे। डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के विचारों को साझा करने और उनके आदर्शों पर चलने का संदेश इस कार्यक्रम के माध्यम से दिया गया।



## डॉ.बाबासाहब आंबेडकर के प्रतीमा को माल्याअर्पण कर श्रद्धांजली कि अर्पण

**नागपुर.** डॉ. बाबासाहब आंबेडकर महापरिर्णिवान दिन के उपलक्ष्य में सवींधान चौक पर डॉ बाबासाहब आंबेडकर के प्रतीमा को माल्या अर्पण कर के श्रद्धांजली अर्पण की लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के नागपूर पदाधिकारी एवं विदर्भ प्रदेश पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष सतीश लोणारे विदर्भ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोहर गणेर नागपुर शहर कार्यकारी अध्यक्ष विरेंद्र मेश्राम केशव तितरे मिरा चव्हाण रीता मेश्राम औमकार अंबादे विजय पेंदाम केशव तितरे आदी पदाधिकारी उपस्थित थे।



## आंबेडकर सांस्कृतिक केंद्र में मनाया गया महापरिनिर्वाण दिवस

**कामठी.** विश्वविख्यात ड्रॅगन पॅलेस टेंपल परिसर स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक व संशोधन केंद्र में महामानव डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के पुतले को ड्रैगन पैलेस टेंपल प्रमुख व पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे के मार्गदर्शन में बरिएमं विदर्भ महासचिव व नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम के हस्ते माल्यार्पण कर सामूहिक रूप से अभिवादन किया गया. इस अवसर पर ड्रॅगन पेलेस टेंपल, ओगावा सोसायटी, हरदास शैक्षणिक व सांस्कृतिक संस्था, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक व संशोधन केंद्र, ड्रॅगन पेलेस विपश्यना मेडिटेशन सेंटर, ड्रेगन इंटरनॅशनल स्कुल, हरदास विद्यालय, हरदास प्राथमिक शाला, दादासाहब कुंभारे बहुउद्देशीय प्रशिक्षण संस्था, दादासाहेब कुंभारे विद्यालय, बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच, निर्धार महिला व बाल विकास समिति आदि संस्थाओं के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, धम्म सेवक- धम्मसेविका प्रामुखता से उपस्थित रहे. इस अवसर पर बरिएमं के नागपुर जिला अध्यक्ष संदीप, पूर्व नगरसेवक तिलक गजभिये, शहर अध्यक्ष दिपंकर गणविर, अनुभव पाटील, मनिष डोंगरे, सुभाष सोमकुंवर, विलास बनसोड, सागर भावे, विनय बांबोर्डे, पूर्व नगरसेविका सावला गजभिये, विशाखा गेडाम, सिमा सोमकुंवर, आशा मेश्राम, माला गजभिये, अनिता मानवटकर, अंजिरा जाभुळकर सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता, धम्म सेवक, धम्म सेविका व गणमान्य लोग प्रमुखता से मौजूद रहें.


## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com



### विनीत गणवीर

**नागपुर.** विनीत गणवीर का दुःखद निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार आज 12 बजे उनके निवास स्थान बुद्ध नगर आनंद विहार के पास वैशाली घाट में किया जाएगा.



### शरद वासुदेवराव कडू

**नागपुर. शरद वासुदेवराव कडू इनका 3 दिसंबर को 59 की उम्र में दुःखद निधन हो गया. वह भरत नगर में रहते थे. उनका अंतिम संस्कार 4 दिसंबर को अंबाझरी घाट पर किया गया.**

## वेकोलि प्रशासन की लापरवाही: अधिक मुनाफे की दौड़ में हजारों जानों पर खतरा

> कामठी खदान में ब्लास्टिंग से दहशत में लोग, घरों को हो रहा नुकसान

**कन्हान.** कन्हान-कांद्री क्षेत्र की कामठी ओपन कास्ट खदान में हो रही अत्यधिक ब्लास्टिंग से स्थानीय निवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। मुनाफे की लालच में खदान प्रशासन द्वारा कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए किए जा रहे जोरदार धमाके अब भूकंप जैसे झटकों का अहसास कराते हैं। इन झटकों से कन्हान और कांद्री के घरों को गंभीर क्षति हो रही है, जिससे क्षेत्र में बड़ी दुर्घटना की आशंका गहराती जा रही है।

खदान में कोयला उत्खनन के लिए लीगल मापदंडों के तहत बारूद का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन, ज्यादा उत्पादन के लालच में अधिकारी और ठेकेदार नियोजित मापदंडों को नजरअंदाज कर बड़े स्तर पर ब्लास्टिंग कर रहे हैं। नियमों को ताक पर रखकर ज्यादा बारूद का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक कोयला निकाला जा सके। कामठी ओपन कास्ट खदान को उत्पादन बढ़ाने के लिए कई बार पुरस्कृत किया जा चुका है, और अधिकारियों को विशेष बोनस व सम्मान भी दिए जाते हैं। यह लालच ही उन्हें नियमों की अनदेखी के लिए प्रेरित कर रहा है। इस अनियमित ब्लास्टिंग से धरम नगर, पिंपरी, विवेकानंद नगर, अशोक नगर, सुरेश नगर, राय नगर और कांद्री गांव के मकानों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। कच्चे और पक्के मकानों में हर रोज भूकंप जैसे झटके महसूस किए जा रहे हैं, जिससे लोग दहशत में हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हर दिन इस डर में जीना पड़ता है कि कब कोई बड़ा हादसा हो जाएगा।



### प्रशासन पर लापरवाही के आरोप

स्थानीय लोगों ने कई बार WCL प्रशासन को इस गंभीर समस्या के बारे में सूचित किया और विरोध प्रदर्शन भी किए, लेकिन प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा। लोगों का कहना है कि प्रशासन की यह लापरवाही एक दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बनेगी, जिससे हजारों लोगों की जान को खतरा है। क्षेत्रीय निवासियों ने WCL के वरिष्ठ अधिकारियों से अपील की है कि वे इस समस्या को गंभीरता से लें और उचित कदम उठाएं। यदि समय रहते समाधान नहीं निकाला गया, तो यह खदान क्षेत्र के लिए घातक साबित हो सकती है।

## सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत

**सावनेर.** सावनेर थाना अंतर्गत कमलेश्वर मार्ग पर धापेवाड़ा के पास, 5 दिसंबर की रात को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। धापेवाड़ा निवासी मयूर नामदेव शेटे (30) और विक्की शेटे (24) अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 28 झेड ई 7613 पर सवार थे। दूसरी ओर, राकेश विनायक लोभेकर (निवासी तेलपठार, तहसील सौसर, जिला छिंदवाड़ा, मध्यप्रदेश) अपनी पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक एमएच 14 एचटी 9214 पर थे। तेज रफ्तार में विपरीत दिशा से आ रही दोनों मोटरसाइकिलों की भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में राकेश लोभेकर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि मयूर शेटे ने इलाज के दौरान दम तोड़



दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सामाजिक संस्था हित ज्योति आधार फाउंडेशन के हितेश बनसोड ने सावनेर पुलिस को सूचित किया और मौके पर पहुंचकर घायलों को सावनेर ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को आगे के इलाज के लिए नागपुर रेफर किया गया। सावनेर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर यातायात को सुचारू किया और दोनों मोटरसाइकिल चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हवलदार सुरेंद्र वासनिक और कोकाटे इस मामले की जांच कर रहे हैं।



## महामानव क्रांतिसूर्य बिरसा मुंडा की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**हिंगनघाट.**


काजी वार्ड स्थित नगर परिषद वाचनालय चौक में बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में दिलीप सिडाम मित्र परिवार द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महामानव क्रांतिसूर्य बिरसा मुंडा एवं विश्व भूषण डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि छायाताई कुडमते, चंदाताई कुडमते, पूर्व प्राचार्य सुरेश वाटकर, लोक जनशक्ति पार्टी के वर्धा जिला अध्यक्ष पत्रकार केशव तितरे, प्यारा मेश्राम, दिलीप सिडाम और वंदना सिडाम सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यकर्ता दिलीप सिडाम ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सौ. वंदना सिडाम ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में नलिनी गेडाम, कांचन आत्राम, गीता मेश्राम, छाया कुडमते, मौसमी कादीकर, कला गेडाम, मिनु गेडाम, प्रियंका मडावी, स्नेहल सिडाम, कोमल सिडाम, समीर सिडाम, संदेश मडावी और विनायक सिडाम सहित कई अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन भव्य भोजनदान और थोर पुरुषों के जयघोष के साथ किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और बिरसा मुंडा के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# टीबी से मुक्त होगा जिला

## 100 दिन चलेगा अभियान, मरीजों को ढूंढकर किया जाएगा इलाज

**गोंदिया.**

राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 7 दिसंबर से 24 मार्च तक विश्व क्षय दिवस तक 100 दिवसीय क्षयरोग पहचान अभियान चलाया जाएगा. अधिक से अधिक संख्या में टीबी रोगियों की खोज कर उन्हें उपचार के दायरे में लाना, टीबी रोगियों की मृत्यु दर को कम करना, नए टीबी रोगियों की संख्या को कम करना, वंचित व उच्च जोखिम वाले समूहों तक पहुंच कर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना, जन-जन तक पहुंच बनाने के लिए गतिविधियां क्रियान्वित की जाएगी. टीबी के बारे में



जागरूकता, समाज में टीबी के बारे में जन जागरूकता करना और सामाजिक कलंक को कम करने के लिए अभियान चलाया जाएगा.

2025 तक जिला क्षयरोग मुक्त किया जाएगा, इसके लिए प्रयास करें, ऐसी अपील जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अभिजीत गोल्हार ने की है. 100 दिवसीय टीबी अभियान देश के 347 चयनित जिलों में चलाया जा रहा है. इसमें गोंदिया जिला भी शामिल है.

चयनित जोखिम वाले क्षेत्रों में 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान चलाया जाएगा और सर्वेक्षण किया जाएगा. अनाथालयों, वृद्धाश्रमों, औद्योगिक संस्थानों, आवासीय विद्यालयों, कारागृहों में जांच शिविरों और प्रवासियों, गन्ना कटाई करने वालों, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों और वंचित वर्गों का सर्वेक्षण किया जाएगा.

### टीबी रोगियों को मिलेगा पौष्टिक आहार

उच्च जोखिम वाले समूहों के बीच बड़े पैमाने पर जागरूकता के माध्यम से टीबी रोगियों को ढूंढना, टीबी रोगियों के बीच मृत्यु दर को कम करना, टीपीटी के प्रभावी उपयोग के माध्यम से नए टीबी मामलों की संख्या को कम करना, अधिकतम संख्या में टीबी रोगियों का पता लगाना और उन्हें उपचार तक लाना, नए टीबी मामलों की संख्या को कम करना, वंचित और उच्च जोखिम वाले समूहों तक पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना, प्रधानमंत्री के क्षय रोग मुक्त भारत मिशन के तहत क्षय रोगियों को निक्षय मित्र द्वारा पोषण खाद्य सामग्री किट वितरित की जाएगी.

### टीबी रोग के लिए यह उच्च जोखिम

60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति, धूम्रपान करने वाले व्यक्ति, पहले क्षय रोग का इलाज करा चुके व्यक्ति, क्षय रोगियों के निकट संपर्क वाले घर के व्यक्ति, एचआईवी से संक्रमित व्यक्ति, जेलों, आवासीय विद्यालयों, औद्योगिक संपदा/कारखानों के कैदी, वृद्ध घरों, 18 से कम बीएमआई वाले व्यक्तियों, मलिन बस्तियों, अनाथालयों में क्षयरोग के रोगी, औद्योगिक क्षेत्रों में क्षय रोगियों की तलाश की जाएगी.

### टीबी चैंपियन की ली जाएगी मदद

अभियान में उच्च जोखिम समूह में कम से कम 5 प्रश. संदिग्ध टीबी रोगियों का पता लगाया जाएगा, प्रत्येक संदिग्ध टीबी रोगी की बलगम जांच और एक्स-रे जांच की जाएगी, संदिग्ध टीबी रोगियों में टीबी का पता लगाने की दर 5 प्रश. होने की उम्मीद है. जन-प्रतिनिधियों, गैर-सरकारी संगठनों व अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर जन-जागरूकता उत्पन्न करना, स्कूली विद्यार्थियों के बीच जन जागरूकता के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाए, इसके लिए टीबी चैंपियन की मदद ली जाएगी. जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रज्ञा कांबले ने कहा है कि जिन लोगों का सीवाई टीबी परीक्षण पॉजिटिव आया है, उनके लिए टीपीटी शुरू की जाएगी.

# मिट्टी परीक्षण किसानों के हित में: देशमुख

> आजंती में विश्व मृदा दिवस मनाया गया | > किसानों को वितरित की गई मृदा स्वास्थ्य पत्रिका

**हिंगणघाट.** फसल उत्पादन में मिट्टी का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। भूमि की उर्वरता और उत्पादकता को बनाए रखना फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक है। लेकिन आज के दौर में रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक और असंतुलित उपयोग, सतत फसल उगाने, और पानी के अनुचित उपयोग के कारण मिट्टी का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है।

रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की संरचना कमजोर हो जाती है। इस स्थिति में मिट्टी का परीक्षण करना किसानों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। मिट्टी स्वास्थ्य पत्रिका बनाकर किसान फसलों को दिए जाने वाले उर्वरकों की उचित मात्रा निर्धारित कर सकते हैं। इससे फसल उत्पादन लागत कम होती है और उपज में बढ़ोतरी होती है। यह विचार हिंगणघाट की कृषि सहायक साक्षी देशमुख ने विश्व मृदा दिवस के अवसर पर मौजा आजंती में



आयोजित एक कार्यशाला में व्यक्त किए। इस कार्यक्रम का आयोजन तालुका कृषि कार्यालय हिंगणघाट और भारतीय कृषक समाज (महाराष्ट्र राज्य) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजंती की सरपंच सीमा देवढे ने की। प्रमुख मार्गदर्शक के रूप में कृषि सहायक साक्षी देशमुख, भारतीय कृषक समाज के हिंगणघाट तालुका अध्यक्ष अजय मोहोड और प्रा. घनश्याम कदमधाड़ उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित किसानों को मृदा नमूने लेने की प्रक्रिया, मृदा स्वास्थ्य पत्रिका का महत्व और मिट्टी के स्वास्थ्य को सुधारने के उपायों की जानकारी दी गई। सरपंच सीमा देवढे ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य पत्रिकाएं वितरित की और उन्हें मिट्टी परीक्षण करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रा. अजय मोहोड ने कहा कि "स्वस्थ मिट्टी से ही पोषक और सुरक्षित खाद्य उत्पादन संभव है। मिट्टी जल संरक्षण, संग्रहण, और शुद्धिकरण में अहम भूमिका निभाती है। हमारे भोजन, वस्त्र और आवास की जरूरतें भी मिट्टी पर ही निर्भर हैं।" प्रा. घनश्याम कदमधाड़ ने बताया कि "जैविक खाद के अभाव, असंतुलित उर्वरक उपयोग, और फसल चक्रीकरण की कमी से मिट्टी की गुणवत्ता और उर्वरता घट रही है। इन समस्याओं से निपटने के लिए किसानों को मिट्टी परीक्षण अपनाना चाहिए।" कार्यक्रम का संचालन किशोर वाघमारे ने किया और आभार नितिन कोल्हे ने व्यक्त किया। इस अवसर पर गांव के कई प्रमुख किसान और नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य उपस्थित किसान: संभाजी देवढे, धर्मपाल कांबले, भिमराव कांबले, रवि मानकर, मुकेश भगत, दिपक भालकर, किशोर वाघमारे, रमेश कोल्हे, देविदास भालकर, अशोक गोटे, भानदास भालकर, धनराज कोल्हे, महादेव देवले, राजू मानकर, प्रविण वंजारी, विनोद मानकर, राजेंद्र हटवार, भूपेंद्र उईके, राजू टेकाम, भुमराज परचाके, मुरलीधर वाघमारे, प्रदीप वाघमारे, सचिन उरकुडे, प्रफुल्ल मस्के, स्वप्निल गजभिये आदि।



## पक्षत्याग करने के बाद निलंबन की कार्रवाई हुई है

> एडवोकेट सुधीर कोठारी, राजू तिमांडे का आरोप

**हिंगनघाट.**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) द्वारा शरद पवार समूह की उम्मीदवारी को खारिज करने के बाद भी, हमने अपने हजारों सहयोगियों के साथ पार्टी सुप्रीमो शरद चंद्र पवार को पार्टी सदस्यता से अपना इस्तीफा सौंप दिया था सिर्फ जिला अध्यक्ष की एकतरफा रिपोर्ट से हमें निलंबित करने की कार्रवाई पूरी तरह से असंवैधानिक है।'ऐसी स्पष्ट राय आज शुक्रवार दोपहर 3 बजे वरिष्ठ सहकार नेता एडवोकेट. सुधीर कोठारी, और पूर्व विधायक प्रा. राजू तिमांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जानकारी व्यक्त किये. इस प्रेस कांफ्रेंस में इन दोनों नेताओं ने 4 नवंबर को पार्टी को भेजे गए इस्तीफे की कॉपी सौंपी. हमारे खिलाफ निलंबन की कार्रवाई होने से पहले हमने बैठक कर हजारों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में पार्टी से किनारा कर लिया था और क्योंकि पार्टी के प्रदेश स्तरीय नेतृत्व ने कोई जानकारी नहीं ली जबकि पार्टी के शीर्ष नेताओं को इसकी जानकारी थी इस से उन्हे अपने गलती का सामना करने का समय आ गया है।



## उपविभागीय पुलिस अधिकारी की रेत माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**हिंगनघाट .**

उपविभागीय पुलिस अधिकारी हिंगनघाट के विशेष पथक ने रेत माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन का खुलासा किया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रविण सुधाकर मेश्राम (उम्र 34, निवासी घाट सावली, हिंगनघाट) और विनोद शिंदे (निवासी वणी, हिंगनघाट) के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस पथक को जानकारी मिली थी कि आरोपी एक सोनालिका कंपनी का नीले रंग का ट्रैक्टर इस्तेमाल कर वणा नदी के सोनेगांव बिड घाट से चोरी की गई काली रेत वणी ले जा रहे हैं। मौके पर पुलिस ने पंचों की मदद से ट्रैक्टर को रोका और जांच करने पर ट्रॉली में एक ब्रास काली रेत बिना रॉयल्टी के ले जाई जा रही थी। पुलिस ने ट्रैक्टर, ट्रॉली और एक ब्रास काली रेत समेत कुल 7,57,000 रुपये का माल जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ हिंगनघाट पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक सागर कवडे और उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोशन पंडित के मार्गदर्शन में उपविभागीय पुलिस अधिकारी हिंगनघाट के विशेष पथक द्वारा की गई।

# लोक जनशक्ति पार्टी का 24वां स्थापना दिवस मनाया

**नागपुर.** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के विदर्भ प्रदेश कार्यालय में पार्टी का 24वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर केक काटा गया, मिठाई और फलहार की व्यवस्था की गई और गरीबों को भोजन दान किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के विदर्भ प्रदेश अध्यक्ष सतीश लोणारे ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में महायुती सरकार के गठन के लिए पार्टी ने विदर्भ के कई विधानसभा क्षेत्रों में 70 से अधिक सभाएं की हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय रामविलास पासवान के कार्यों को जनसामान्य तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य करना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। सतीश लोणारे ने यह भी कहा कि भविष्य में होने वाले



स्थानीय चुनावों में पार्टी को अपने बलबूते पर लड़ने के लिए सक्षम बनाना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी के उद्देश्यों और योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता विनय शर्मा, विदर्भ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोहर गणेर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष नंदकिशोर ठाकरे, नागपुर शहर कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र मेश्राम, गोंदिया जिला अध्यक्ष सचिन बिसेन और वर्धा जिला अध्यक्ष केशव तितरे ने भी मार्गदर्शन किया। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर एक-दूसरे को स्थापना दिवस की बधाई दी। इस आयोजन में सागर भंडारकर, ओंकार अंबाडे, सुरेश आंबुले, छबीलाल शाहू, गंधर्व मदने, अमन मेश्राम सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गरीबों को भोजन दान की शुरुआत थी, जिसे सतीश लोणारे के हाथों संपन्न किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने पार्टी की मजबूती और समाज के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दोहराया।

## श्रावस्ती बुद्ध विहार में डॉ. बाबासाहब को महापरिनिर्वाण दिवस पर किया नमन

वर्धा. वर्धा जिले के रोठा स्थित श्रावस्ती बुद्ध विहार में आज डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस पर विशेष अभिवादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिद्धार्थ शंभरकर की पहल पर आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र रिपब्लिकन पार्टी के वर्धा जिला अध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता पद्माकर कांबले ने की। उन्होंने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध कवि प्रकाश जिंदे ने बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित कर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सदस्य आशीष कोल्हे भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बुद्ध वंदना से हुई। इसके बाद पद्माकर कांबले ने अपने उद्बोधन में बाबा साहेब अंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डाला और महापरिनिर्वाण दिवस गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अभिवादन कार्यक्रम में सहयोग देने और आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने वालों में सिद्धार्थ शंभरकर, राजेश कांबले, प्रशांत शंभरकर, बंडुजी ताकसांडे, नितिन कांबले, शीतल राहुल शंभरकर, यशोदाबाई गोडघाटे, और मंदा ज्ञानेश्वर वाघमारे सहित बड़ी संख्या में बुद्ध उपासक और उपासिकाएं उपस्थित थे।



## महिला के हैंडबैग से 3 तोले का मंगलसूत्र चोरी



**हिंगणघाट.** शहर के बस स्टैंड परिसर में 5 दिसंबर की शाम एक महिला के हैंडबैग से 3 तोले सोने की पोत चोरी होने की घटना सामने आई है। घटना शाम करीब 6:30 बजे की है, जब सविता लाजुरकर (उम्र 55 वर्ष), निवासी थाना, अपने रिश्तेदार के साथ नागपुर जाने के लिए बस स्टेशन पहुंची थीं। सविता लाजुरकर उमरेड जाने वाली बस में बैठने जा रही थीं, तभी उन्हें अपने हैंडबैग की चेन खुली हुई नजर आई। बैग की जांच करने पर पता चला कि उसमें रखी 60 हजार रुपये मूल्य की सोने की पोत गायब थी। इस मामले में सविता लाजुरकर ने हिंगनघाट पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## हलदगांव में जुए के अड्डे पर छापा

> 3.34 लाख रुपये का माल जब्त

**समुद्रपुर.**

पुलिस ने हलदगांव खेत शिवारा में चल रहे जुए के अड्डे पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 लाख 34 हजार 380 रुपये का मुद्देमाल जब्त किया और 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। समुद्रपुर पुलिस स्टेशन के थानेदार संतोष शेगांवकर को गुप्त जानकारी मिली थी कि गोविंदपुर फाटा के पास हळदगांव शिवारा में जुआ खेला जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और मौके पर छापेमारी की। पुलिस ने मौके से पांडुरंग रामाजी फालके (42, दगडबन), अरविंद सुधाकर तिवाड़े (32, हलदगांव), नितिन ज्ञानेश्वर राव गोडे (34, जडशी टाकली), आतिश विक्रम रामटेके (39, नंदूरी), और मंगल सिंह नादानसिंह बावरी (35, खंडाला पाटी) को गिरफ्तार किया। वहीं, दो अन्य आरोपी - नीलेश्वर रामाजी गेडाम (शेडगांव पसार) और सुरज शेंडे (हलदगांव पसार) फरार हो गए। नकदी और सामग्री जब्त पुलिस ने छापेमारी के दौरान कुल 3 लाख 34 हजार 380 रुपये नकद जब्त किए। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवड़े, और उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोशन पंडित के मार्गदर्शन में की गई। इस ऑपरेशन में थानेदार संतोष शेगांवकर, प्रकाश कपिल मेश्राम, संजय वानखेड़े और होमगार्ड टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अब फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## सेवाग्राम स्थित बापू कुटी और नई तालीम स्कूल का किया शैक्षिक दौरा

**वर्धा.** महिला बहुउद्देशीय शिक्षा के अंतर्गत शिक्षण महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने 4 दिसंबर को सेवाग्राम स्थित बापू कुटी और नई तालीम स्कूल का शैक्षिक दौरा किया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने बापू कुटी के बारे में जानकारी ली और फिर द्वितीय वर्ष के प्रायोगिक शिक्षण के तहत नई तालीम स्कूल का दौरा किया। यहां महात्मा गांधी द्वारा दिए गए मूलभूत शिक्षा सिद्धांतों के बारे में विद्यार्थियों ने जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर नई तालीम स्कूल के डॉ. प्रभाकर पुसदकर



ने नई तालीम के बारे में मार्गदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुनसे सर ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। आभार व्यक्त करते हुए डॉ. हाडके ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में प्राध्यापक तिवारी मैम, तडस सर और वर्मा मैम की उपस्थिति सराहनीय रही। महाविद्यालय के विद्यार्थियों की बड़ी संख्या ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।




## डॉ.आंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर वांदिले ने की पुष्पांजलि अर्पित

**हिंगनघाट.** भारतीय संविधान के निर्माता और भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर प्रदेश महासचिव अतुल वांदिले ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर आयोजित उत्सव समिति के रक्तदान शिविर में भाग लेते हुए अतुल वांदिले ने समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक सेवा नहीं है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक योगदान देने का भी अवसर है। अतुल वांदिले ने इस अवसर पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा स्थापित शिक्षा, समानता, स्वाभिमान और मानवता के मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब के आदर्शों को आत्मसात कर समाज की भलाई के लिए कार्य करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में ओबीसी जिला अध्यक्ष प्रशांत घवघवे, परिवहन जिला अध्यक्ष शेखर जाधव, विजय तामगाडगे, दशरथ ठाकरे, अमोल बोरकर, सिद्धार्थ मस्के, सुभाष सोयाम, पुरुषोत्तम कांबले, नितिन भूते, झाडे बावाजी, सुरेश गायकवाड़, सुशील घोडे, विपूल थुल, पंकज भट्ट, आकाश हुर्ले, चेतन ढोरे, मयूर पाटिल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने बाबासाहेब के आदर्शों पर चलते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया।

## श्री संत शिरोमणि संताजी जगनाडे महाराज की 400वी जयंती

**हिंगणघाट.** तेली समाज के आराध्य दैवत श्री संत शिरोमणि संताजी जगनाडे महाराज की 400वी जयंती रविवार 08 दिसंबर 2024 को पूरे प्रदेश में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर हिंगनघाट शहर में संताजी जगनाडे महाराज की भव्य शोभा यात्रा दिंडी ध्वज के गाजे बाजे के साथ हिंगनघाट शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए हरिओम मंगल कार्यालय पर समाप्त होगी. एक समारंभ में समाज के सदस्यों ने बड़ी संख्या उपस्थिती रहना है हनुमान मंदिर, हनुमान वार्ड से श्री संत जगनाडे महाराज की पालकी एवं भव्य शोभा यात्रा सुबह 10 बजे प्रस्थान होगा और दोपहर 3 बजे भागवताचार्य हभप श्री गजानन महाराज कपिले एवं संच द्वारा संत जगन्नाडे महाराज के



जीवन पर कथा वाचन एवं कालेका कीर्तन से समापन हरिओम हॉल में होगा। कीर्तन के बाद महाप्रसाद का आयोजन किया जाता है, सभी बंधू भाई-बहनों से इसमें शामिल होने का अनुरोध किया गया है

श्री संत शिरोमणि संताजी जगनाडे महाराज उत्सव समिति हिंगनघाट द्वारा कार्यक्रम को आयोजित किया गया है

# कृषि प्रधान देश में किसान हो रहे परेशान

>अतिवृष्टि व बाढ़ से भारी नुकसान, पेट भरने के लिए 2 रोटी नसीब नहीं

**गोंदिया.**

कृषि का सारा दारोमदार कृषकों के कंधों पर टिका हुआ है. इसके लिए किसान सुबह से शाम तक खेतों में जीतोड़ मेहनत करता है. लेकिन विडंबना देखिए कि दूसरों का पेट भरने वाले अन्नदाता किसान को ही अपना पेट भरने के लिए दो रोटी नसीब नहीं हो पाती है. किसानों के हित में सिर्फ बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं लेकिन उन्हें कभी भी पूरा नहीं किया जाता. दिन प्रतिदिन खेती घाटे का सौदा साबित होती जा रही है. आज किसान खेतों में अपने श्रम को छोड़कर जो



पूंजी लगाता है वही निकल आए तो बड़ी बात होती है, लाभ तो दूर की बात है. सिंचाई के साधनों की समस्या और बीजों व उर्वरकों के आसमान छूते दामों ने तो किसानों की कमर ही तोड़ कर रख दी है. प्राकृतिक आपदाओं की मार भी इन किसानों को झेलनी पड़ती है. कभी बेमौसम बारिश, अत्याधिक बारिश तो कभी बारिश की कमी से फसलों को काफी नुकसान पहुंचता है. प्राकृतिक आपदा आने पर किसानों की सबसे ज्यादा फजीहत होती है. किसानों को उतना मुआवजा नहीं मिल पाता है जितना कि उनका नुकसान होता है. प्राकृतिक आपदा ही नहीं बल्कि ऐसी कई समस्याएं हैं जिनका निराकरण नहीं हो पाता है. यही सब कारण है युवा अब कृषि कार्य से मुंह मोड़ते जा रहे हैं.

### आज भी नहीं मिल पाता मनमाफिक दाम

आज भी कई किसान ऐसे हैं जो पुराने तरीके से ही खेती करते हैं, ऐसे में वे उतनी पैदावार नहीं ले पाते हैं, जितनी कि होनी चाहिए. पैसे के अभाव में आज भी कई किसान आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं. उन्नत किस्म की खाद व बीज की किल्लत तो हमेशा ही बनी रहती है. बुआई के बाद खेती के लिए जरूरी खाद भी किसानों को महंगे दामों में खरीदनी पड़ती है. जनप्रतिनिधि भी उनकी नहीं सुनते हैं और मजबूरन किसानों को महंगे दामों पर बीज, खाद की खरीदी करनी पड़ती है लेकिन फसल तैयार होने के बाद इसका मनमाफिक दाम उन्हें नहीं मिल पाता है.

# बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान

**सालेकसा.**

केंद्र व राज्य सरकार की राजस्व व कृषि विभाग की ओर से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरू की गई थी. इसका लाभ लेने के लिए राज्य के किसानों से बड़े पैमाने पर आव्हान भी किया गया. बीमा निकालने के बाद पीड़ित किसानों को इसका अच्छा मुआवजा देने की बात की गई थी. किसानों को बीमा निकालना आसान और सरल हो इसके लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराई गई. केंद्र सरकार ने किसानों के हितों की दृष्टिकोण से राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना क्रियान्वित किया.

यह योजना किसानों के हितों के लिए किसानों तक पहुंचे इसके लिए शासन ने ऑनलाइन, कृषि विभाग, बैंक तथा सहकारी संस्था के अधिकारियों को फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी देने का आदेश दिया. किसानों को बीमा निकालना आसान और सरल हो इसके लिए एक रु. में बीमा निकालने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई.



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत 2024-25 के लिए बीमा करवाया था, अगस्त और सितंबर महीने में हुई लगातार बारिश और अतिवृष्टि से धान की फसलों को काफी नुकसान है. लेकिन अब तक किसानों को बीमा राशि नहीं दी गई. जिससे किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया जा रहा है. लेकिन तहसील के कृषि विभाग में उसका विपरीत चित्र देखने को मिल रहा है. किसानों ने तहसील कृषि अधिकारी के पास शिकायत की, लेकिन उस शिकायत का हल नहीं निकल पाया है. कोई भी किसान इन अधिकृत अधिकारियों के कृषि सहायक, पटवारियों के पास बीमा योजना की जानकारी लेने पहुंचते हैं, तब हमें इस संदर्भ में कुछ भी पता नहीं, ऐसा जवाब देकर अपनी अभिज्ञता दशाते है. अधिकारी व कर्मचारी अप-डाउन में ही व्यस्त अनेक कर्मचारी व अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण कार्यालय सुनसान पड़े रहते हैं, वहीं अनेक अधिकारी व कर्मचारी अप-डाउन में ही व्यस्त रहते हैं. अपनी मनमर्जी से कभी भी कार्यालय में आते व जाते रहते हैं. अनेकों बार किसानों को कार्यालय से खाली हाथ घर लौटना पड़ता है. इस वजह से किसानों के लिए महत्वाकांक्षी फसल बीमा योजना की धज्जियां उड़ाने का कार्य किया जा रहा है. कृषि बीमा योजना के अंतर्गत किसानों द्वारा उत्पादित सभी अनाज के फसलों का बीमा किया जाता है. लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण अधिकांश किसान बीमा लाभ लेने से वंचित रह गए है, जिससे रक्षक ही भक्षक बन जाए तो योजना कितनी भी महत्वपूर्ण होगी लेकिन इसका लाभ किसानों को नहीं मिल सकता है. बेमौसम बारिश व अतिवृष्टि से लाखों किसान इस योजना से वंचित रह गए हैं.

## पंचनामा नहीं होने से किसान चिंतित

☐ जानकारी के अनुसार तहसील के किसानों ने बड़े पैमाने पर अपनी धान की फसलों का बीमा करवाया था. कुछ दिन पूर्व हुई भारी बारिश तथा ओलावृष्टि के कारण फसल पूरी तरह चौपट हो गई है, जिससे लाखों का नुकसान हुआ है. नुकसान की शिकायत ऑनलाइन फोटो और अन्य दस्तावेजों के साथ पटवारी, बीमा कंपनी से शिकायत की गई तो कुछ किसानों का पंचनामा भी हुआ है. वहीं अनेक किसानों का पंचनामा नहीं हुआ है. किसानों ने बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर पर कॉल किया और कुछ किसानों ने ऐप के माध्यम 72 घंटे के भीतर नुकसान की रिपोर्ट करने के लिए अपना पॉलिसी नंबर दिया. इसकी जानकारी कृषि विभाग को दी लेकिन बीमा कंपनी, पटवारी, कृषि सहायक, कृषि अधिकारी पंचनामा के लिए खेत पर नहीं गए. तहसील के हजारों किसानों ने फसल बीमा करवाया था. उन किसानों के सामने जीवनयापन की समस्या उत्पन्न हो गई है. पंचनामा नहीं होने से किसान बेहद चिंतित हो गए हैं. उन्हें अपने भविष्य की चिंता सताने लगी है. फसल बीमा कंपनियों की ओर से बड़ा मजाक तो नहीं किया गया है, ऐसा सवाल अब पीड़ित किसानों की ओर से किया जा रहा है.

# डॉ. बाबासाहब का गीत ज्ञान का भंडार है: येरेकर

**कामठी.**

किसी को भी आई रमाई या डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के किसी भी गाने पर नाचन नहीं करना चाहिए, क्योंकि आई रमाई और डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के गीत याने ज्ञान का भंडार हैं.

बाबासाहब आंबेडकर के गीतों का संचालन अनुकरण, परिवर्तन करना चाहिए, ऐसे ही विविध प्रकार के मौलिक प्रबोधन से डॉ. बाबासहब आंबेडकर को सामूहिक मानवंदना की गई. हर साल की तरह इस साल भी 6 दिसंबर को भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर प्रबोधनकार साहेबराव येरेकर द्वारा बाबू हरदास एलएन चौक पर आयोजित संगीतमय सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से सार्वजनिक भीम स्मृति मंडल कामठी की ओर से डॉ. बाबासहब आंबेडकर को सामूहिक श्रद्धांजलि दी गई. कार्यक्रम का शुभारंभ भंते नागदीपंकर की मुख्य उपस्थिति में विशेष बुद्ध वंदना के साथ किया गया. इस संगीतमय सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक शिक्षाविद् येरेकर ने अपने सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. बाबासहब आंबेडकर के जीवन इतिहास पर प्रकाश डाला और अनुयायी भावुक हो गए और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अनुयायियों ने भाग लिया.



संगीतमय सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को सामूहिक श्रद्धांजलि दी गई. उपरोक्त कार्यक्रम में ज़िला परिषद पूर्व अध्यक्ष सुरेश भोयर, कामठी नगर परिषद के पूर्व नगराध्यक्ष प्रमोद मानवटकर, नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष व बरिएमं विदर्भ महासचिव अजय कदम, नप पूर्व उपाध्यक्ष अविनाश ऊकेश, नप पूर्व सभापति नीरज लोणारे, पूर्व नगरसेवक तिलक गजभिये, पूर्व नगरसेवक विकास रंगारी, पूर्व नगरसेवक लालसिंग यादव, दिनेश पाटील, रंजना पानतावणे, राजेश सूर्यवंशी, शिवचरण सहारे, प्रकाश टेंभूरने, येरखेडा ग्राम पंचायत सरपंच सरिता रंगारी, पंचायत समिति सदस्य सुमेध रंगारी, बरिएमं शहर अध्यक्ष दीपांकर गणवीर सहित अन्य गणमान्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. कार्यक्रम के सफलतार्थ सार्वजनिक भीम स्मृति मंडल कामठी के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने कड़ी मेहनत किए.

## पूर्व पार्षद जुल्फेकार भुट्टो ने रॉयल स्टडी जोन की सराहना की



**नागपुर.**

शिक्षा और तरक्की पर जोर देते हुए पूर्व निगम पार्षद जुल्फेकार अहमद भुट्टो ने की रॉयल स्टडी जोन की सराहना नागपुर के गुलशन नगर स्थित रॉयल स्टडी जोन में हाल ही में पूर्व निगम पार्षद जुल्फेकार अहमद भुट्टो ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान की संचालक रूमाना बाजी से मुलाकात की और बच्चों को दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुंदर रखरखाव के लिए उनकी सराहना की। इस अवसर पर रॉयल स्टडी जोन की संचालक रूमाना बाजी ने श्री भुट्टो का गर्मजोशी से स्वागत किया। भुट्टो ने कहा कि युवा पीढ़ी को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आकर अपना योगदान देना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा ही देश की तरक्की और उन्नति का सबसे मजबूत आधार है। रॉयल स्टडी जोन में बच्चों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्ता शिक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों को लेकर भुट्टो ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और संस्थान के कार्यों की सराहना की।

# विनायकराव देशमुख हाईस्कूल में वार्षिक स्नेहसंमेलन का उद्घाटन

**नागपुर.**

लकड़गंज, नागपुर स्थित विनायकराव देशमुख हाईस्कूल और विज्ञान कनिष्ठ महाविद्यालय में वार्षिक स्नेहसंमेलन का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।





इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष जयंत जोशी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मंच पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष अविनाश देशपांडे, कार्यक्रम के उद्घाटक सी.पी. एंड बेरार शिक्षा संस्था और खादी ग्रामोद्योग, नागपुर के अध्यक्ष अधिवक्ता अशोक राव बनसोड, स्कूल के मुख्याध्यापक प्रमोद मारोडकर, पर्यवेक्षक मंगेश बावसे, वरिष्ठ शिक्षक रामकृष्ण सावरकर, स्नेहसंमेलन अध्यक्ष मुरलीधर केवतकर, उपाध्यक्ष शैला साखरे, स्नेहसंमेलन की कार्यवाहिका माहिया कनोजे और उपकार्यवाहिका वंशिका बारापात्रे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उद्घाटन के दौरान मान्यवरों ने चित्रकला प्रदर्शनी, विज्ञान प्रदर्शनी और रंगोली प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत लेजिम नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि पंढरी की वारी पर आधारित प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मधुरा जोशी ने किया। स्नेहसंमेलन के अध्यक्ष मुरलीधर केवतकर ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में स्कूल के सभी शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर किया डॉ. बाबासाहब को अभिवादन

**दिग्रस.** बापूनगर में स्थित ताकपीरे गुरुजी सार्वजनिक वाचनालय में शुक्रवार को डॉ बाबासाहेब आंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर अभिवादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के अध्यक्ष सेवानिवृत्त शिक्षक साहेबराव हटवार के हाथों डॉ बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा को पुष्प हार अर्पित किया गया. कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के तौर पर सेवानिवृत्त टैक्स निरीक्षक विजय सरदार ने उपस्थित विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया. इस मौके पर वाचकवर्ग सभासद विद्यार्थी प्रदीप बली, अभिजित स्वर्गे, गोपाल वडनेरकर, अभय मोरकर, गोपाल अंबोरे, गोपाल गावंडे सहित छात्रा अमिशा सुकलकर, धनश्री खंदारे, प्रिती शक्यवार, निकिता लोखंडे, वैदवी कुटे, समिक्षा कांबले, पायल हनवते, मनिषा पवार, सुकिता लोखंडे, वैष्णवी राठोड, रक्षणा पवार, राजनंदीनी इंगोले और ग्रंथालय लिपिक गौरव दुधे सहित मान्यवर कार्यक्रम में उपस्थित थे. कार्यक्रम का सूत्रसंचालन ग्रंथपाल श्री जितेंद्र चौधरी ने किया वहीं आभार प्रदर्शन कर्मचारी प्रणित राऊत ने किया.



# जुनघरे के काव्य संग्रह का किया विमोचन

**उमरेड.**



स्थानीय जिचकार पाटील सभागृह में जगद्गुरु तुकोबाराय साहित्य परिषद, जुनघरे मित्र परिवार आदि के संयुक्त तत्वावधान में बेबी जुनघरे स्मृति रामकृष्ण जुनघरे लिखित इंद्रधनुषी काव्यसंग्रह का लोकार्पण समारोह हुआ. जगदगुरु तुकोबाराय साहित्य परिषद अध्यक्ष प्रा. प्रशांत राऊत प्रमुखता से उपस्थित थे. अध्यक्षता प्रभाकर तांडेकर ने की. पुरुषोत्तम भिसीकर, डॉ. संजीव कोंडेकर, जयंत झंझाड, बाबुराव जुनघरे, बलवंत मोरघडे आदि की उपस्थिति रही. प्रास्ताविक रामकृष्ण जुनघरे ने किया. गिरीश अग्निहोत्री, रतन मेश्राम, कैवल्य मेश्राम आदि ने जुनघरे की तीन कविताओं की संगीतबद्ध प्रस्तुति की. जुनघरे मित्र परिवार ने कवि का सत्कार किया. सफलतार्थ हरिश्चंद्र झाड़े, बलवंत मोरघडे, अनिल धनविजय, रमेश देवघरे, धनराम गुंडलवार, निशिकांत चौधरी, सुमन इटनकर, मधुकर लांजेवार, बंडू शिंदे, प्रमोद कुलकर्णी, डॉ. अरविंद पंडित, बलवंत भुसारी आदि का सहयोग रहा.

# हरेंद्र सिंह होंगे एसजेएएन-रायोसनी अचीवर्स वार्षिक पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि



**नागपुर.** भारत के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और महिला हॉकी टीम के वर्तमान कोच, हरेंद्र सिंह, आगामी 21 दिसंबर को एसजेएएन-रायोसनी अचीवर्स वार्षिक पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। यह समारोह स्थानीय इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के सामने प्रेस क्लब के कन्वेंशन हॉल, सिविल लाइंस में सुबह 10:30 बजे आयोजित होगा। एसजेएएन अपनी परंपरा को जारी रखते हुए इस समारोह के दौरान शहर के सीनियर और जूनियर (पुरुष, महिला) खिलाड़ियों, खेल आयोजकों, सर्वश्रेष्ठ स्कूल और सर्वश्रेष्ठ कॉलेज को सम्मानित करेगा। पुरस्कारों के विजेताओं के नाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे। द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित हरेंद्र सिंह ने यूएसए पुरुष हॉकी टीम को सफलतापूर्वक कोचिंग देने के बाद भारत लौटने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच के रूप में नियुक्ति पाई। उनके नेतृत्व में भारत ने कुछ ही महीनों के भीतर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी को बरकरार रखा। इस पुरस्कार समारोह में खेल जगत से जुड़े लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होंगे।

# देवरी नपं का अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू





**देवरी.** देवरी नगर पंचायत द्वारा शहर के व्यस्त चिचगड़ रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया गया. पहले चरण में रानी दुर्गावती टी पाइंट से जिला परिषद हाईस्कूल तक सड़क के दोनों किनारे के दूकानों के शेड, बोर्ड आदि अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया. नगर पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और पक्के अतिक्रमण पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी. जानकारी के अनुसार देवरी शहर के मुख्य मार्ग बढ़ते अतिक्रमण के चलते गलियों में रूपांतरित हो चुके हैं जिससे आए दिन जाम लग जाता है और अक्सर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है. बढ़ती आबादी के साथ देवरी शहर में चिचगड़ रोड के दोनों ओर खुली सरकारी जमीन पर पूरी तरह से बे रोक-टोक अतिक्रमणकारियों का कब्जा हो गया है.

वहीं देवरी शहर के लगभग सभी स्कूल, कॉलेज और शासकीय कार्यालय चिचगड़ रोड़ पर स्थित है और यहां यातायात का सर्वाधिक दबाव रहता है. विशेषतः स्कूल के शुरू होने और छुट्टी के समय यहां स्कूली बच्चों का भारी संख्या में आवागमन शुरू रहता है. सड़क के दोनों ओर तक अतिक्रमण रहने से छात्रों को भारी यातायात के बीच सड़क से गुजरने के अलावा और कोई विकल्प नहीं रहता. इसके अलावा साप्ताहिक बाजार भी इसी सड़क पर लगता है जिसकी वजह से इस सड़क पर अक्सर छोटी बड़ी दुर्घटनाएं होते रहती हैं. जिससे नगर पंचायत प्रशासन द्वारा शुरू किया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे कब तक चलेगा इस पर शहर में चर्चा चल रही है.

## महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**नागपुर.**

भारत के गरीब और वंचित समुदायों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले भारत रत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की पुण्यतिथि (महापरिनिर्वाण दिवस) पर महावितरण ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

महावितरण के काटोल मार्ग स्थित 'विद्युत भवन' कार्यालय में नागपुर परिमंडल के मुख्य अभियंता दिलीप दोडके ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता मंगेश वैद्य, मधुकर घुमे, सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) महेश जाधव, सहमुख्य औद्योगिक संबंध अधिकारी मधुसूदन मराठे, उप मुख्य औद्योगिक संबंध अधिकारी सचिन लहाने, उपविधि अधिकारी सुनील उपाध्ये सहित महावितरण के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 256-3 | 279-8 |
| श्रीदेवी नाईट | 449-7 | 118-0 |
| प्रभात | 469-9 | 579-1 |
| प्रभात नाईट | 357-5 | - |
| डायमंड | 139-3 | 568-9 |
| मेन बाजार | 249-5 | - |
| मिलन डे | 179-7 | 150-6 |
| मेन रतन | 479-0 | 136-0 |
| कल्याण | 156-2 | 489-1 |
| राजधानी डे | 466-6 | 235-0 |
| राजधानी नाईट | 346-3 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 238-3 | 689-3 |

# एसटी का शेड्यूल बिगड़ा, यात्री परेशान

## रोज देर से स्कूल पहुंच रहे विद्यार्थी

**गोंदिया.** एसटी महामंडल की बसें निर्धारित समय पर नहीं चलने से यात्रियों व विद्यार्थियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. ऐसे में सबसे ज्यादा परेशानी छात्रों को स्कूल-कॉलेज पहुंचने में हो रही है. विद्यार्थियों के साथ ही यात्रियों ने बसों को समय पर चलाने की मांग की है. गोंदिया, दासगांव, नीलज, तेढवा मार्ग पर चलने वाली एसटी की बसें निर्धारित समय पर नहीं चल रही हैं.



जिससे पास धारक छात्रों के लिए स्कूल और कॉलेजों तक समय पर पहुंचना मुश्किल हो रहा है. ऐसे में उन्हें निजी यात्री वाहनों से यात्रा करनी पड़ रही है. इस मार्ग पर बसें समय पर नहीं चल रही है. बसों का समय निर्धारित नहीं होने से क्षेत्रवासियों व विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है. क्षेत्र के विद्यार्थियों ने महामंडल की बसों की योजना का लाभ लेने के लिए पास तैयार कर लिए हैं, लेकिन बसें समय पर नहीं आने के कारण उन्हें पास का लाभ नहीं मिल पा रहा है.

एक तरफ सरकार विकास की घोषणा कर रही है वहीं दूसरी तरफ सालेकसा तहसील आज भी विकास से कोसों दूर है. इस तहसील के कई गांवों में अभी भी एसटी की बसें नहीं पहुंची है. नागरिकों को जो साधन मिले उसी से यात्रा करनी पड़ रही है. जानकारी के अनुसार सालेकसा तहसील महाराष्ट्र के पूर्वी सिरे पर स्थित है. यह तहसील नक्सलग्रस्त और अति संवेदनशील है. इस क्षेत्र के नागरिक मुख्यतः पिछड़े व शिक्षा से वंचित हैं. आजादी के 72 साल बाद भी यह क्षेत्र अविकसित है. इस तहसील पर आज भी पिछड़े और आदिवासी लोग रहते है तहसील में अच्छी सड़कों और सिंचाई का अभाव : तहसील में अभी भी अच्छी सड़कों और सिंचाई का अभाव है. इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. जिससे समस्या जस की तस है. बस सेवा के नाम पर सुबह और शाम एसटी बसों की दो फेरियां होती है. सालेकसा तहसील मुख्यालय में एक बस स्थानक और एक रेलवे स्टेशन है. इसमें सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक साधन उपलब्ध हैं, लेकिन गल्लाटोला, पिपरिया, चांदसूरज, दर्रेकसा, नवाटोला के नागरिकों को तहसील मुख्यालय से जाने के लिए सुविधा नहीं मिल रही है. पिपरिया, गल्लाटोला के लिए 2 बसें सालेकसा तहसील मुख्यालय से गल्लाटोला के लिए प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे और दोपहर 2.30 बजे दो एसटी बसें उपलब्ध हैं.

# युवा समाज निर्माण में स्वयंस्फूर्त योगदान दें: चाकाटे

**गोंदिया.** किसी देश की प्रगति उस देश के युवाओं के काम से तय होती है. यदि देश को स्वस्थ और समृद्ध बनाना है तो युवाओं को समाज निर्माण की प्रक्रिया में स्वयंस्फूर्त योगदान देना चाहिए, ऐसा प्रतिपादन रिजर्व पुलिस निरीक्षक रमेश चाकाटे ने क्रीडा व युवक सेवा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य, पुणे के अंतर्गत जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय, जिला क्रीड़ा परिषद, नेहरू युवा केंद्र और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान से बौद्ध समाज संघ संस्था, गोंदिया में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव में किया. अध्यक्षता जिला क्रीड़ा अधिकारी नंदा खरपुडे ने की. इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी श्रुति डोंगरे, जिला परामर्शदाता डाइट मिलिंद रंगारी, सामाजिक कार्यकर्ता सविता बेदरकर, एन.एम.डी. कॉलेज के प्रा.डा. बबन मेश्राम, राजीव गांधी कॉलेज ऑफ सोशल वर्क की प्रा. संगीता घोष, बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव अनिल सहारे, सुनील पारधी उपस्थित थे.

# हृदय जागरूकता शिविर का आयोजन कल



**डॉ. सचिन देव्हारे**
संचालक
प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजिस्ट और मुग्धा ईईसीपी हार्ट केयर सेंटर

## भविष्य में निवेश

यदि आप अपने हृदय स्वास्थ्य के बारे में चिंतित है या हृदय रोग के खतरे में हैं तो कार्टोग्राफी निवारक स्वास्थ्य रणनीति में एक मूल्यवान उपकरण हो सकती है मानचित्रण निरीक्षण कब करेंः यदि आपके परिवार में हृदय रोग का इतिहास है. हृदय रोग के जोखिम कारक जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह व मोटापा यदि आपको हृदय रोग के लक्षण हैं जैसे सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ या थकान है तो आज ही संपर्क करें, अन्य जानकारी के लिए संपर्क करे, 8282620969.

Dr Devhare's
US-FDA Approved
MUGDHA EECP & HEART CARE CENTER

**नागपुर.** हृदय रोग की घटनाओं तक में वृद्धि चिंताजनक है. हृदय रोग के से हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है, ऐसे में स्वास्थ्य का ख्याल रखना जरूरी है. इसलिए हृदय स्वास्थ्य की देखभाल के लिए हृदय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है. यह एमडी मुग्धा ईईसीपी और हार्ट केयर सेंटर, उत्कर्ष उमंग अपार्टमेंट, अजनी चौराहा माउंट कार्मेल स्कूल के पीछे वर्धा रोड नागपुर स्थित आयोजित किया गया है. स्वास्थ्य शिविर कल 8 दिसंबर यानी कल 9:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक रहेगा. इस कैंप में परामर्श निःशुल्क कार्टोग्राफी



चेकअप (7500/- के स्थान पर मात्र 4500/) डॉक्टर का परामर्श निःशुल्क मिलेगा, एक कार्टोग्राफी परीक्षा हृदय और रक्त वाहिकाओं के रक्त प्रवाह का आयामी चित्रण प्रदान करती है. हृदय रोग का शीघ्र पता लगाने और निवारक उपायों को लागू करने के लिए यह तकनीक बहुत उपयोगी है. सुई, ट्यूब या एक्स-रे के उपयोग के बिना हृदय का आकलन करता है, सभी उम्र पेसमेकर वाले रोगियों के लिए सुरक्षितः हृदय में रक्त प्रवाह, ऑक्सीजन की आपूर्ति और संभावित समस्याओं का आकलन करता है. लागत प्रभावी अन्य आक्रामक नैदानिक प्रक्रियाओं की तुलना में अधिक लागत प्रभावी विकल्प सुरक्षित और दोहराने योग्य काटोग्राफी उपचार की प्रभावशीलता निगरानी समय के साथ हृदय स्वास्थ्य में परिवर्तन की निगरानी के लिए उपयोगी है। यह परीक्षण अन्य नैदानिक परीक्षणों का पूरक है, जिससे हृदय स्वास्थ्य के लिए एक व्यक्तिगत दृष्टिकोण बनाने की अनुमति मिलती है.

नोट : हृदय रोग का इलाज यहां रोजाना सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक ईईसीपी एंड एसीटी द्वारा किया जाता है। हेल्प लाइन नंबर: 8282820969, 8181810969, 9975947528, 7385449219 साथ में पुरानी रिपोर्ट भी जरूर लाएं।